गार्डन में ट्यूलिप पौधों की सिंचाई करते सीएम त्रिवेंद्र।



# हमारा दून

# पेंशनर्स को प्रमाणपत्रों के लिए नहीं भटकना पड़ेगा

## लोकार्पण

### मुख्यमंत्री ने किया ई–जीवन प्रमाण पत्र का लोकार्पण

### प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के सपने की ओर एक और कदमः मुख्यमंत्री

(संवाददाता)

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए डिजिटल माध्यम से ई–जीवन प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आईएफएमएस सॉफ्टवेयर का शुभारम्भ किया गया। इस सॉफ्टवेयर की सहायता से राज्य के पेंशनर देश या विदेश, कहीं से भी अपना ई–जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन माध्यम से जमा करा सकेंगे। ई–जीवन प्रमाण पत्र को सीएससी केन्द्र से भरा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–जीवन प्रमाण पत्र के माध्यम से राज्य के पेंशनरों को बहुत राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ई–जीवन प्रमाण पत्र के लिए लाखों लोगों को परेशान होना पड़ता है। इस सेवा के शुरू होने से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को ट्रेजरी के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे पास के सीएससी केन्द्र से अपना ई–जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के वृद्ध एवं अक्षम लोगों को सीएससी तक ना आना पड़े इसके लिए ई – जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। ई–जीवन प्रमाण पत्र अन्य राज्यों एवं विदेशों में रह रहे हमारे पेंशनर्स के लिए भी बहुत ही लाभदायक होगा। वे कहीं से भी अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करा सकेंगे।



पेंशनर्स ऐप के उद्घाटन के मौके पर सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई–ऑफिस लागू किया गया है। ई–जीवन प्रमाण पत्र, ई–ऑफिस की दिशा में एक ओर कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश लगातार पेपरलेस व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

सचिव अमित नेगी ने बताया कि सीएससी के लोगों के साथ इस संबंध में बैठक एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। ई – जीवन प्रमाण पत्र को कोषागार, उप कोषागार, सीएससी केन्द्र, पर्सनल कंप्यूटर, टैब और मोबाईल ऐप से भी भरा जा सकेगा, स्वीकृत होने पर इसकी सूचना मोबाईल नंबर और ई मेल आईडी पर भी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कोषागार, पेंशन एवं हकदारी विभाग लगातार डिजिटल की दिशा में अग्रसर हो रहा है। लगभग 1,56,000 कर्मचारियों की पे रोल ई सिस्टम से जेनरेट की का रही है। लगभग 1,52,000 पेंशनर्स और न्यू पेंशन स्कीम को भी ई गवर्नेंस से जोड़ दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्लैब से टक्कर के बाद कार में लगी आग, बाल–बाल बचे दो युवक

(संवाददाता) ऋषिकेश। शिवपुरी के पास बीती रात एक कार में आग लग गई, हालांकि इस हादसे में कार सवार दोनों युवक सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार रुद्रप्रयाग से देहरादून की ओर जा रही थी, तभी शिवपुरी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे स्लैब से जा टकराई और उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी घूम गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। पुलिस के अनुसार कार में बैठे दोनों युवक सुरक्षित हैं।

### निर्वाचक नामावलियां अवलोकनार्थ उपलब्ध

(संवाददाता) देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावलियों की अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2020 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के फलस्वरूप निर्वाचक नामावलियों तथा उसके अन्तिम भाग के अन्तिम प्रकाशन हेतु 07 फरवरी, 2020 की तिथि नियत की गयी थी। उत्तराखण्ड राज्य की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के 07 फरवरी को अन्तिम प्रकाशन के फलस्वरूप अद्यतन रूप से तैयार निर्वाचक नामालियॉ समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों, समस्त कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, मतदान केन्द्रों आदि प्रमुख स्थलों के साथ–साथ, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी सर्वधारण के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेंगी।

### ओकिनावा ने नए स्कूटर क्रूजर का प्रोटोटाइप पेश किया

(संवाददाता) देहरादून। 'मेक इन इंडिया' पर फोकस करने वाली भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माता कंपनी ओकिनावा ने ऑटो एक्सपो 2020 में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया का आकर्षक पोर्टफोलियो प्रदर्शित किया है। भारत सरकार में नीति आयोग निदेषक अनिल श्रीवास्तव ने जैसे ही प्रोटोटाइप मैक्सी स्कूटर क्रूजर को पेश किया।

### दून के लिए 29 मार्च से रोजाना फ्लाइट्स के साथ विस्तारा का उत्तराखंड में प्रवेश

(संवाददाता) देहरादून। भारत की सबसे बेहतरीन फुल सर्विस कैरियर विस्तारा ने आज अपने सबसे तेज बढ़ते नेटवर्क में 36वें डेस्टिनेशन के रूप में देहरादून, उत्तराखंड को जोड़ा है। एयरलाइन 29 मार्च 2020 से दिल्ली और देहरादून के बीच रोजाना फ्लाइट्स की शुरुआत करेगी। 2,499 रुपए में इकोनॉमी, 4,699 रुपए में प्रीमियम इकोनॉमी और 12,299 रुपए में बिजनेस क्लास के सभी शुल्क सहित आरंभिक वन वे किराए के साथ आज से बुकिंग शुरू हो गई है।

### गोद लिए गए कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में लगातार हो रहा सुधार

(संवाददाता) देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की पहल पर अतिकुपोषित बच्चों को गोद लेने की योजना के अच्छे परिणाम मिलने लगे हैं। प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा गोद लिए गए कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। विगत वर्ष सितम्बर माह में ''कुपोषण मुक्ति हेतु गोद अभियान'' की शुरूआत की गई थी।

मुख्यमंत्री सहित मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने चिन्हित अति कुपोषित बच्चों को गोद लिया था। कुपोषित बच्चों को न केवल गोद लिया गया बल्कि संबंधित जनप्रतिनिधि व अधिकारी, इन बच्चों के अभिभावकों के लगातार सम्पर्क में रहे। इसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। 06 बच्चे कुपोषण से मुक्त हो चुके हैं, जबकि 11 बच्चों की ग्रेड में सुधार हुआ है और 207 बच्चों के वजन में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि, ''कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी जिम्मेवारी लेने की पहल की गई थी। इसके सुखद परिणाम मिलने लगे हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हमारा उद्देश्य प्रदेश को कुपोषण से पूरी तरह से मुक्त करना है। लगभग सभी गोद लिए गए बच्चों के वजन में संतोषजनक वृद्धि हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी गोद लिए बच्चे कुपोषण से मुक्त होंगे।''

## जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पबद्ध

### जनता मिलन

■ मानव वन्यजीव संघर्ष के मामलों के राहत निधि के चेक किए वितरित

देहरादून। (संवाददाता)

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत शुक्रवार को "आपकी सरकार आपके द्वार" के तहत डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर वन्यजीव संघर्ष के मामलों में राहत वितरण निधि के चेक वितरित किए गए।



राहत निधि के चेक वितरित करते सीएम।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वन विभाग से संबंधित क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान समय से हो तभी उसका सही लाभ मिल पाता है। राज्य सरकार आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि प्रदेश को अच्छी सुविधाएं और अच्छी सेवाएं प्रदान की जाएं।

क्षेत्र में जनसंख्या का दबाव लगातार बढ़ रहा है। सूर्यधार योजना के तैयार होने के बाद 29 गावों को ग्रेविटी बेस्ड पानी उपलब्ध होगा। सौंग का कार्य भी लगभग अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि सुश्वा नदी को बारह मास साफ पानी उपलब्ध कराया जा सके और रिस्पना नदी को भी पुनर्जीवित करना सरकार की प्राथमिकताओं में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य होने के नाते पशुओं के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। पशुधन का उपयोग करने के बाद हमें उन्हें छोड़ना नहीं चाहिए। पशु पक्षी पेड़ पौधे हमारे सिस्टम का ही हिस्सा है। प्रकृति का संरक्षण करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना बहुत ही आवश्यक है।

### रोज डे के साथ हुई वेलेंटाइन वीक की शुरुआत

(संवाददाता) देहरादून। मोहब्बत का इजहार यानि वैलेंटाइन डे। आज से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो गई है। पहले दिन को रोज डे के नाम से जाना जाता है। बाजार गुलाबों से सज चुके हैं। फूल बाजार में तरह–तरह के गुलाब उपलब्ध रहे। लाल गुलाब की कीमत जहां 30 रुपये से 40 से 50 रुपये प्रति पीस बिका। तो वहीं, मल्टी गुलाब का रेट 40 रुपये से 60 रुपये प्रति पीस में उपलब्ध रहे। जो ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं। वेलेंटाइन वीक के रोज डे के लिए दिल्ली के बाजारों से गुलाब की खेप मंगवाई गई है। गुलाब के फूल के बास्केट 300 से लेकर 1000 रुपये में उपलब्ध रहे। जबकि, गुलाब के बुके 100 से लेकर 1200 रुपये तक मिल रहे हैं। जबकि, बंच 200 से लेकर 400 रुपये में उपलब्ध हैं। फुल व्यापारियों का कहना है कि इस बार मौसम खुशनुमा है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार वेलेंटाइन डे पर व्यापार में इजाफा होगा।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।